भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4370

सोमवार, 22 मार्च, 2021 / 01 चैत्र, 1943 (शक)

चौद्वार, ओडीशा में ईएसआई अस्पताल

4370. श्री महेश साहू:
श्रीमती मंजुलता मंडल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार चौद्वार में ईएसआई अस्पताल के नए भवन के निर्माण के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध कराने का है; और

(ख) चौद्वार में मौजूदा ईएसआई अस्पताल भवन की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ओडिशा के क्षेत्रीय कार्यालय ने एक नए भवन के निर्माण हेतु भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षित स्मारक क्षेत्र के बाहर लगभग 5 एकड़ क्षेत्र की सरकारी भूमि आबंटित करने के लिए दिनांक 29.01.2021 को जिला प्रशासन, कटक से अनुरोध किया है।

(ख): चौद्वार में मौजूदा ईएसआईसी अस्पताल एक पुराना भवन है और इसकी मरम्मत किए जाने की आवश्यकता है। ईएसआईसी ने अस्पताल के नवीकरण के लिए आकलनों को मंजूरी दी थी, परंतु ईएसआईसी को नवीनीकरण के कार्य आरंभ करने हेतु एएसआई से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हो सका, क्योंकि अस्पताल संरक्षित स्मारक क्षेत्र के दायरे में स्थित है।

*****